महारास की प्रस्तुति पर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

महारास में प्रस्तुति देते राधा-कृष्ण के स्वरूप। संवाद

मथुरा। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की सीएफपीजीएस योजना के तहत ब्रज लोक संस्कृति एवं सेवा संस्थान की ओर से श्री कृष्ण महारास की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य नरदेव चौधरी, मफतलाल अग्रवाल, दीपक शर्मा एवं संस्था की सचिव वंदनाश्री ने किया। जाव बैठन स्थित हुरंगा मैदान पर आयोजित महारास में अंतर्धान हुए श्री कृष्ण विरह वेदना से क्षुब्ध गोपिकाओं ने स्वयं ही राधा-कृष्ण बनकर श्रीकृष्ण की रासलीलाओं की प्रस्तुति जमुना के तट दी। लीला को देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए।

संपूर्ण लीला में दर्शकों का उत्साह एवं लीला के प्रति भाव रोमांचकारी लगा। पुरुष एवं महिलाओं से खचाखच भरे मैदान में ब्रज के संगीत के प्रति अटूट श्रद्धा दर्शकों में देखने को मिली। लय-ताल स्वर एवं गायन वादन नृत्य की सजीव प्रस्तुति को देखकर दर्शकों का भाव देखते बना। इसका निर्देशन संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित वंदनाश्री ने किया। उन्होंने ब्रज की पारंपरिक होली गायन एवं लोकगीत भी प्रस्तुत किए। कलाकारों में जागृति, मणिका, सुधा, निधि, स्वेता, दीपिका, प्राची, सोनम, अर्चना, राजेश, आदित्य, लक्ष्मी, दीक्षा, केशव, डॉली, अनमोल, दिनेश, आदि ने भूमिका निभाई। संवाद

अमर उजाला
२५ मार्च २०२२

छलिया कृष्ण की होली ने मोहा मन

संवाद सहयोगी, मथुराः ब्रज लोक संस्कृति एवं सेवा संस्थान के अमृत महोत्सव के तहत मांट स्थित आदर्श कन्या इंटर कालेज में देश भक्ति भाषण और नृत्य प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने छलिया कृष्ण की होली की संगीतमय नृत्य नाटिका प्रस्तुत की।

शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम मांट इंद्रनंदन सिंह, विशिष्ट अतिथि श्री ब्रज आदर्श कन्या इंटर कालेज के प्रबंधक पद्म सिंह शर्मा और संस्था सचिव वंदना श्री ने दीप जलाकर किया। छलिया कृष्ण की होली की संगीतमय नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देख दर्शकों ने अभिवादन किया। संस्था के कलाकार जागृति, मणिका, सुधा, निधि, श्वेता, राजेश, दिनेश, अर्चना, आदित्य सोनम, लक्ष्मी, डाली, अनमोल एवं केशव मुख्य भूमिका में रहे।

जागरण : २० मार्च २०२२